**श्री बाबूलाल लावण्डीवाल (पूर्व सरपंच) द्वारा ली गई जांगिड विकास समिति सोडाला के अध्यक्ष पद की शपथ**

27 अगस्त, 2017 को जे.एस. गार्डन हटवाड़ा रोड़, जयपुर में जांगिड विकास समिति सोडाला के निर्विरोध नवनिर्वाचित अध्यक्ष का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम हुआ, जिसमें अतिथियों के रूप में श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री ओमप्रकाश लावण्डीवाल पूर्व अध्यक्ष समिति, श्री महेश जांगिड मुख्य चुनाव अधिकारी, श्री मूलचन्द लावण्डीवाल, श्री रामसहाय शर्मा अध्यक्ष सीताराम मन्दिर बास सांगानेर आदि मंचासीन हुए।

श्री बाबूलाल जांगिड को मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। सभी अतिथियों द्वारा एवं समाज बन्धुओं द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। श्री ओमप्रकाश लावण्डीवाल पूर्व अध्यक्ष को भी माल्यार्पण कर सभी ने भावभीनी विदाई दी तथा सभी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य चुनाव अधिकारी का भी पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान अध्यक्ष द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया।

इस अवसर पर समाज बन्धुओं में श्री मदनलाल सीलक, श्री सुरेन्द्र कासलीवाल, श्री कैलाश घसवा पूर्व अध्यक्ष, श्री दिनेश कड़वाणिया, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया, श्री जयनारायण, श्री नाथूलाल कड़वाणिया, श्री गोपाल कासलीवाल, श्री बनवारी लाल, श्री रामेश्वर लावण्डीवाल, श्री नवरतन धराण्या, श्री मूलचन्द आसल्या, श्री मोहनलाल, श्री जगदीश रोहलीवाल, श्री नाथूलाल तामड़ोलिया, श्री बृजेश काला (राजेश), श्री रतनचन्द्र ए.ई.एन., श्री राधेश्याम उमरिया बिसायती, श्री मुकेश कुमार शर्मा (एम.के. इन्टरप्राईजेज), सामाजिक पत्रकारों में श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे एवं श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा आदि कई समाज बन्धु उपस्थित हुए। अन्त में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री बाबूलाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**कारपेन्टर एसोसिएशन विकास समिति (राज.) के तत्वावधान में स्नेह मिलन एवं सामूहिक गोठ का आयोजन सम्पन्न**

15 अगस्त, 2017 को कारपेन्टर एसोसिएशन विकास समिति (राज.) के तत्वावधान में बालाजी सेवन गार्डन, कनकपुरा, सिरसी रोड़ (जयपुर) में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्नेह मिलन एवं सामूहिक गोठ का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान प्रदेश से आये हुए सभी कारपेन्टर बन्धुओं ने एक जुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम के प्रायोजक आसाम टिम्बर ट्रेडर्स से श्री मनोज जैन, तालुका फिटिंग्स से श्री निखिल, न्यू प्लाईवुड एण्ड ग्लास एजेन्सीज से श्री कमल शाह एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता में श्री हनुमान प्रसाद जांगिड टीलावाला, श्री आनंदी लाल जांगिड, श्री हरिराम जांगिड तथा एसोसिएशन के संरक्षक श्री रामअवतार पिलवाल, अध्यक्ष श्री रामचरण जांगिड को भी मंचासीन करवाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना से किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया साथ ही बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में जानकारी श्री सुरेश पिलवाल शिक्षक महोदय द्वारा दी गई। वृद्धजन कारपेन्टर भाई जो कार्य करते हुए रिटायर हुए उनका भी सम्मान किया गया। प्रदेश के कोटा, अलवर, सवाई माधोपुर, दौसा, करौली आदि जिलों से आये हुए कारपेन्टर बन्धुओं का एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री रामचरण द्वारा अभिवान किया गया एवं एक जुटता का सन्देश दिया। साथ ही कहा गया कि हमें प्रतिवर्ष जन्म दिवस पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। वृक्ष लगाओ-बेटी बचाओ पर जोर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनन्द लिया तथा अन्त में अध्यक्ष महोदय ने सभी का आभार जताया एवं भोजन के लिए आमंत्रित किया।

**सांचौर में विश्वकर्मा युवा संस्थान कार्यकारिणी का गठन हुआ**

29 जुलाई, 2017 को सांचौर (जालौर) में विश्वकर्मा युवा संस्थान की नवीन कार्यकारिणी का गठन अध्यक्ष श्री सुरेश डी. सुथार द्वारा किया गया।

**अध्यक्ष :** सुरेश डी. सुथार (माकड़) जाखल, **सचिव :** निर्मल कुलरिया, **कोषाध्यक्ष :** मिश्रीलाल बरड़वा, **सहसचिव :** जगदीश चोयल, **सहकोषाध्यक्ष :** प्रकाश चन्द बरड़वा

**उपाध्यक्ष :** बाबूलाल माकड़, भागीरथ पालेचा, श्रवण चोयल, श्रवण चिड़िया

**सक्रिय सदस्य :** सांवलाराम बी. बरड़वा, भागीरथ माण्डण, प्रशांत माकड़, दिनेश कुमार, हीराराम मांडण, भरत राजोदिया, जवाहर माकड़।

**मार्ग दर्शक मण्डल :** अशोक बरड़वा पुर (आई.आर.एस.) मुम्बई, गणपत लाल माकड़ (आर.डी.एस.) चितलाना, जोगाराम पालेचा से.नि. प्रधानाचार्य, चेतनराम पालड़िया, खेराज राम माकड़, सुखदेव चोयल, मोहनलाल पालेचा, कानाराम पालेचा, रायमल जोड़ वासण, मोहनलाल सिद्धेश्वर, धन्नाराम पालड़िया, मगाराम माण्डण, गोरखाराम धामू, मंगलाराम चोयल।

**प्रवासी प्रकोष्ठ :** जीवाराम पायलवाल, भंवरलाल बरड़वा, चेतनराम राजोदिया, मेवाराम माकड़ (मुम्बई), बीजाराम राजोदिया, उदाराम पालड़िया (पूना), हनुमान बरड़वा (सूरत), कमलेश उड़सण (सूरत), मोहनलाल बी. माकड़ (हुबली), मिश्राराम पालड़िया (मुम्बई), राजू जायलवाल (मुम्बई), तुलसाराम चोयल (मुम्बई), धर्मराम कुलरिया (अहमदाबाद), सांवलाराम माकड़ (मुम्बई)।

–सुरेश डी. सुथार (अध्यक्ष)

**अ.भा.जां.ब्रा. महासभा शाखा सभा अजमेर (राज.) द्वारा आयोजित वृद्धजन एवं भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न**

20 अगस्त, 2017 को बिड़ला सिटी वाटर पार्क, परबतपुरा बाईपास, जयपुर रोड़, अजमेर में अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा शाखा सभा अजमेर द्वारा वृद्धजन, मेधावी छात्र/छात्राओं का भव्य सम्मान समारोह एवं सामूहिक गोठ का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. समित शर्मा आई.ए.एस. (निदेशक एवं विशिष्ठ शासन सचिव, सामाजिक न्यास एवं अधिकारिता विभाग जयपुर) थे तथा अध्यक्षता श्री श्रीगोपाल चोयल उपप्रधान महासभा दिल्ली अजमेर द्वारा की गई। विशिष्ठ अतिथियों में श्री राधेश्याम चोयल युवा वक्ता एवं उद्योगपति श्री विश्वकर्मा एमरी स्टोन इन्डस्ट्रीज प्रा.लि., श्री राजेश जांगिड उद्योगपति चेयरमैन जांगिड मोटर्स एवं अध्यक्ष जांगिड फाउण्डेशन दिल्ली तथा श्रीमती सविता शर्मा अध्यक्ष महिला शाखा सभा अजमेर। मुख्य अतिथि डॉ. समित शर्मा द्वारा ध्वजारोहण हुआ।

समारोह का संचालन करते हुए शाखा सभा के महामंत्री श्री राजेन्द्र कुमार जालोदिया एवं अध्यक्ष सुधीर कुमार पंवार द्वारा अतिथियों वरिष्ठजनों एवं प्रतिभाओं व समाज बन्धुओं को मंचासीन करवाया गया।

प्रथम पूज्य श्री गणेश जी, माँ सरस्वती एवं भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना, द्वीप प्रज्वलन कर की गई।

अतिथि देवो भव: की परम्परानुसार सभी अतिथियों को शाखा सभा के मुख्य संरक्षक श्री भोलाराम हर्षवाल, अध्यक्ष श्री सुधीर शर्मा पंवार मुख्य परामर्शदाता श्री गोविन्द नारायण नेपालपुरिया, कार्यकारिणी अध्यक्ष श्री गंगाराम हर्षवाल एवं पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण, शॉल ओढ़ाकर, साफा बन्धवाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। शाखा सभा अध्यक्ष श्री सुधीर कुमार का शाखा सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री जगदीश प्रसाद पाखरोट द्वारा माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया गया। सर्वप्रथम श्री सुधीर पंवार द्वारा अतिथियों एवं कार्यक्रम में पधारे समाज बंधुओं का आभार प्रकट किया।

वृद्धजन सम्मान समारोह के अन्तर्गत 14 बुजुर्गों (पुरुषों) एवं 11 (महिलाओं) का जिनकी आयु 75 वर्ष से अधिक थी। जिसमें दो दम्पत्ति भी शामिल थे। उनका सम्मान अतिथियों के द्वारा करवाया गया। जिनमें उनको माला, साफा, शॉल, छाता, प्रतीक चिह्न, धार्मिक पुस्तक गीता, श्रीफल आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। ये सम्मान की सामग्री श्री भोलाराम हर्षवाल उद्योगपति अजमेर द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति प्रदान की गई तथा इस बार वृद्धजनों में आप भी सम्मलित हुए।

सम्मान की कड़ी में बाहर से पधारे श्री अशोक चुग पुलिस विभाग, नवचयनित आर.ए.एस. श्री जयप्रकाश जांगिड एवं श्री राजीव सुथार को भी सम्मानित किया गया। श्री सतीश भारद्वाज, श्री विक्रम जांगिड (सी.एम. हाउस), श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे जयपुर, श्रीमती प्रेमदेवी पूर्व सरपंच आदि को भी सम्मानित किया गया। शाखा सभा के मुख्य संरक्षक श्री भोलाराम हर्षवाल को साफा बन्धवाकर, माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर, सम्मान पत्र भेंटकर विशेष रूप से शाखा सभा द्वारा सम्मानित किया गया।

87 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें 20 प्रतिभाएं डिप्लोमा, बी.टेक. स्नातक एवं स्नातकोत्तर तथा 21 प्रतिभाएं सीनियर सैकण्डरी उत्तीर्ण, 37 प्रतिभाएं सैकण्डरी उत्तीर्ण तथा 2 प्रतिभाएं आई.आई.टी./ एम.बी.बी.एस. से चयनित थीं एवं 6 प्रतिभाएं खेलकूद प्रतियोगिताओं जो स्कूल जिले तथा नेशनल लेवल पर आयोजित की गई, उसमें प्रतिभागी एवं एक प्रतिभा के रूप में स्काउट एण्ड गाईड को सम्मानित किया गया। प्रतिभाओं को अतिथियों एवं पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण, एक्जीक्यूटिव डाक्यूमेन्ट फाईल, केलकुलेटर, प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ती-पत्र प्रदान कर किया गया। महादेव प्रसाद चोयल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से प्रतिभाओं को नकद राशि प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वाली प्रतिभाओं को दी गई।

समारोह का आयोजन भव्य था। सभी प्रकार से सुव्यवस्थित था। स्टेज गरिमामय, बैठने की व्यवस्था, कारपेट, सजावट एवं लाईट एण्ड साउण्ड सभी व्यवस्था सुन्दर थी। समारोह स्थल भी प्रतिभाओं एवं समाज बन्धुओं से भरा हुआ था। जिसकी सभी अतिथियों ने सराहना की।

समारोह में श्री उमाशंकर पालड़िया पूर्व महामंत्री महासभा, श्री गौरीशंकर कासलीवाल पूर्व अध्यक्ष अंगिरा आश्रम, श्री हरिनारायण खटवाड़िया पूर्व शाखा सभा अध्यक्ष, श्री उमेश शर्मा अध्यक्ष अंगिरा आश्रम, श्रीमती सुशीला भारद्वाज वयोवृद्ध एवं समाज सेवी, डॉ. अशोक शर्मा (आमेरिया), श्री अशोक कुमार हर्षवाल, श्री बाबूलाल नागल, श्री सत्यनारायण नागल कोषाध्यक्ष शाखा सभा, श्री मिरजूराम शर्मा से.नि. आर.ए.एस., श्री देवीलाल जांगिड, श्री बसंत कुमार गेपाल पूर्व मुख्य चुनाव अधिकारी प्रदेश सभा राज. एवं श्री ब्रह्मदेव ब्यावर आदि उपस्थित हुए।

जांगिड फाउण्डेशन की ओर से अध्यक्ष श्री राजेश जांगिड, सचिव विक्रम जांगिड द्वारा मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथियों एवं श्री सुधीर कुमार पंवार को स्मृति चिह्न भेंटकर अपनी ओर से भी सम्मानित किया गया।

उद्बोधन की कड़ी में श्रीमती सविता शर्मा ने शानदार आयोजन के लिए आयोजनकर्ताओं को बधाई दी।

मुख्य अतिथि डॉ. समित शर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में सबसे पहले समारोह के अति सुन्दर आयोजन पर बधाई दी और कहा आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है और यह कार्यक्रम समाज की प्रतिभाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कई अन्य समाजों ने भी अपनी-अपनी व्यवस्थाएं बना रखी है। जयपुर में माहेश्वरी समाज के एक स्थल पर 2500 व्यक्तियों के बैठने की समुचित व्यवस्था है और हम दूसरे स्थलों की तलाश में कार्यक्रम के लिए देखते हैं। हमें भविष्य का रोड़ मेप बनाना होगा, कहाँ मन्दिर, कहाँ धर्मशालाएं, कहाँ छात्रावास, कहाँ कोचिंग की व्यवस्था इन पर गहराई से सोचना होगा। शिक्षा का समाज में अपना महत्व है आज समाज में आई.ए.एस., आर.ए.एस. हैं हमें प्रतिभाओं को मोटीवेट करने की आवश्यकता है। कुरुतियों को हटाना है, बेटे-बेटी में, बहु-बेटी में कोई अन्तर नहीं रखना है। घूंघट प्रथा, बाल विवाह बन्द करना है। हमारा लक्ष्य सटीक होना चाहिए जैसे अर्जुन को केवल चिड़िया नहीं उसकी आँख दिखाई दे रही थी, ऐसी सोच से हमें निश्चित ही सफलता प्राप्त होगी। हमें सदैव यह सोच रखनी होगी हम छोटे हैं और दूसरे बड़े हैं। साथ ही हम सबसे अच्छे हैं, हम अपना कार्य कर रहे हैं वो कार्य सबसे बेस्ट है। यही भावना व मानसिकता हमारी बननी चाहिए। जो बच्चा अच्छा कर रहा है हमें उसे मोटीवेट करना है, हमको हमारा कॉम्पीटशन स्वयं से करना है, दूसरे से नहीं।

नव चयनित श्री जयप्रकाश जांगिड आर.ए.एस. एवं श्री राजीव सुथार आर.ए.एस. ने भी अपने विचारों से प्रतिभाओं को लाभान्वित किया। श्री राजेश जांगिड द्वारा आयोजकों को इस समारोह के लिए धन्यवाद दिया। श्री राधे चोयल द्वारा भी अपने उद्बोधन में कहा हममें से हर कोई सुख चाहता है, दुःख कोई नहीं चाहता। कभी भी किसी भी वक्त कोई चीज, कोई घटना, कोई संदर्भ हमारे दिल को छू सकती है और वो ही हमारी जिन्दगी का टर्निंग प्वाईंट बन सकता है। स्वयं, माता-पिता, परिवार, समाज, राष्ट्र इसका क्रम निर्धारित करते हैं और यही जीवन जीने की कला है। साधन सम्पन्न होने के पश्चात् भी सफल नहीं होते, कई बिना साधन भी सफल हो जाते हैं। इसलिए पहले स्वयं को जानना आवश्यक है। सदैव अपने को सर्वश्रेष्ठ मानना है। लड़कियों को आगे आकर नाम रोशन करना चाहिए, प्रकृति के नियमानुसार कार्य करें प्रतिफल में पुण्य की कमाई होगी। अक्सरकर जीवन में वो ही होता है जो आप चाहते हैं।

श्री गोपाल चोयल द्वारा श्री सुधीर जी पंवार का आभार जताया, जिन्होंने ये वृद्धजन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर संस्कारों एवं शिक्षा को बढ़ावा देने का कार्य किया। महिलाओं एवं बच्चों तथा युवाओं ने वाटर पार्क में नहाने, झूलों पर झूलने का आनन्द लिया।

मंच संचालन मंत्री श्री राजेन्द्र कुमार जालोडिया द्वारा किया गया तथा अन्त में श्री सुधीर पंवार द्वारा सभी आगन्तुक अतिथियों, समाज बन्धुओं, प्रतिभाओं का आभार व्यक्त किया तथा सभी को सामूहिक गोठ का आनन्द लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर लगभग 1800 समाज के महिला-पुरुष एवं बच्चों ने सहभोज का आनन्द लिया।

## जांगिड ब्राह्मण समाज, बास सांगानेर का नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

17 अगस्त, 2017 को जांगिड ब्राह्मण समाज, बास सांगानेर (मन्दिर श्री केशोराय जी मुरली मनोहर जी श्री सीताराम जी) जयपुर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मन्दिर श्री सीतारामजी बाबा हरिशचन्द्र मार्ग जयपुर में आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि श्री रविशंकर शर्मा जांगिड प्रदेशाध्यक्ष जयपुर एवं विशिष्ठ अतिथि श्री घनश्याम जांगिड जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री किशनलाल पिलवाल मुख्य चुनाव अधिकारी बास सांगानेर एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष बास सांगानेर श्री रामसहाय जांगिड (डिब्बे वाले) को महामंत्री श्री डालचन्द धामा द्वारा मंचासीन करवाया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी श्री किशन लाल पिलवाल द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष महोदय को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर श्री रामसहाय जांगिड अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया।

श्री रविशंकर शर्मा प्रदेशाध्यक्ष एवं श्री घनश्याम जांगिड जिलाध्यक्ष द्वारा नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री रामसहाय जी का माल्यार्पण कर साफा बन्धवाकर समाज बन्धुओं ने सम्मानित किया।

प्रदेशाध्यक्ष श्री रविशंकर शर्मा, जिलाध्यक्ष श्री घनश्याम शर्मा तथा मुख्य चुनाव अधिकारी श्री किशनलाल पिलवाल द्वारा उद्बोधन हुए, जिसमें नवगठित कार्यकारिणी को बधाई दी एवं इनके कार्यकाल में ये अपने आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर पाए, ऐसी उम्मीद जताई। प्रदेश भवन की लीजमनी, जिला सभा द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आदि पर प्रकाश डाला गया। चुनाव प्रक्रिया की तथ्यात्मक रिपोर्ट इस दौरान रखी गई।

उपस्थित समाज बन्धुओं में श्री मनमोहन माण्डुणिया, श्री प्रभातीलाल तालचड़िया अध्यक्ष टीबा का बास, श्रीमती नीलम शर्मा कुबेर समिति, श्री लल्लूलाल आसल्या अध्यक्ष कालुण्डिया का बास, श्री ओमप्रकाश लावण्डीवाल अध्यक्ष सोडाला समिति, श्री मूलचन्द जांगिड अध्यक्ष सिविल लाईन्स विधान सभा क्षेत्र, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया अध्यक्ष किशनपोल बाजार विधान सभा क्षेत्र, श्री नवल किशोर शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टुडे, श्री कन्हैयालाल तालचड़िया, श्री ओमप्रकाश मोरीवाल, श्री पी.एन. शर्मा (बी.एस.एन.एल.), श्री मोहनलाल फेड्वाल, श्री रवि खुडाणिया, श्री प्रहलाद पंवार, श्रीमती मन्जू पंवार, श्री राजेन्द्र पंवार (राजा काका), श्री जगदीश आमेरिया, श्री भागचन्द आसल्या, श्रीमती शांति देवी, श्रीमती सीता देवी आमेरिया, श्रीमती सुनीता देवी आसल्या, श्री सुमन तितरवाडिया, श्री प्रवीण जिठाया, श्री दयाल रोड़वाल, श्री कैलाश घसवा, श्री सुरेन्द्र कासलीवाल, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया, श्री दिनेश जांगिड सभी सोडाला समिति से, श्री मालीराम जांगिड सांगनेर, श्री गजानन्द जांगिड ए.ई.एन., श्री मोहनलाल जांगिड, श्री जीवनराम पंवार, श्री पी.डी. बेलवाल आदि गणमान्य समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

श्री भागचन्द आसल्या का भी माल्यार्पण, साफा बन्धवाकर सम्मान किया गया।

**कार्यकारिणी सदस्य :** श्री राजेन्द्र पंवार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री रमेश चन्द रोड़वाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री प्रवीण जीठावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री मालीराम सांगानेर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री डालचन्द धामा महामंत्री, श्री नवेन्दु कुमार दायमा कोषाध्यक्ष, श्री योगेश पंवार कार्यालय मंत्री, श्री कैलाश खण्डेलवाल संगठन मंत्री, श्री नन्द किशोर रोड़वाल संगठन मंत्री, श्री मोहन दायमा संगठन मंत्री, श्री हरिकिशोर बाजेवाले प्रचार मंत्री, श्री बाबूलाल पंवार प्रचार मंत्री, श्रीमती पुष्पा देवी शर्मा प्रचार मंत्री, श्रीमती शांति देवी शर्मा प्रचार मंत्री, श्री परमानन्द आसल्या सदस्य, श्री बुद्धि प्रकाश मोरिवाल सदस्य, श्री राजेश आमेरिया सदस्य, श्री मोहनलाल रोड़वाल सदस्य

**सलाहकार :** श्री गोपाल किशन रावत, श्री अरूण कुमार रोयलीवाल, श्री ओमप्रकाश मोरीवाल, श्री हनुमान काला, श्री संजय पंवार, श्री किशोरी लाल कोतकवल्या, श्री भूपेन्द्र मोरीवाल, श्री अशोक आमेर, श्री संतोष शालीमार

## जांगिड ब्राह्मण मारवाड़ सभा के तत्वाधान में 25वाँ ''शिक्षा भूषण'' सम्मान समारोह 2017 सम्पन्न

13 अगस्त, 2017 को श्री विश्वकर्मा छात्रावास, विश्वकर्मा सर्किल, बाड़मेर में संस्था प्रमुख श्री हरीश आर. जांगिड जांगिड ब्राह्मण मारवाड़ सभा के तत्वाधान में 25वाँ ''शिक्षा भूषण'' सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें लगभग 300 प्रतिभाओं को जिन्होंने बोर्ड की परीक्षाओं में अव्वल अंक अर्जित करने पर सम्मानित किया गया। प्रतिभाओं को प्रशस्ती पत्र एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती देवयानी जांगिड को आर.ए.एस. की महिला वर्ग परीक्षा में टॉप करने पर अभिनन्दन पत्र भेंट किया गया, जोकि उनके परिजनों द्वारा ग्रहण किया गया। इस समारोह में उपस्थित वे प्रतिभाएं जिन्होंने 96.97% तक अंक अर्जित किए। यह समारोह प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 2000 समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर 8 छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण की गई, जिनको प्रत्येक को 11000/–रु. की राशि प्रदान की गई। जोकि शिल्पी फाउंडेशन द्वारा प्रदान की गई। समारोह के प्रारंभ में डॉ. हुकमाराम सुथार द्वारा अतिथियों को मंचासीन करवाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमान् डॉ. जोगाराम जांगिड आई.ए.एस. (गंगाला राज.) तथा श्रीमान् चूनाराम सुथार आई.आर.एस. (होडु–अहमदाबाद) ने अध्यक्षता की, विशिष्ठ अतिथियों में श्रीमान् आर.सी. शर्मा (इन्कम टैक्स ट्रिब्युनल जज), श्रीमान प्रेमसुख शर्मा (अध्यक्ष शिल्पी फाउण्डेशन), श्रीमान् रमेश कुमार माकड़ आई.आर.एस. (बाड़मेर–दिल्ली), श्रीमान् गेमराराम सुथार डी.ई.ओ. (भीयाड़–पाली), प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाज सेवी श्रीमान् अमराराम जांगिड (दुबई), उद्योगपति एवं समाज सेवी श्रीमान् पूनाराम बरनेला जोधपुर, श्रीमान एम.डी. शर्मा उद्योगपति एवं समाज सेवी जोधपुर, श्रीमान् जीवाराम रालड़िया उद्योगपति एवं समाज सेवी जोधपुर आदि थे।

अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की तस्वीर के समक्ष पूजा–अर्चना एवं द्वीप प्रज्वलन किया गया तथा सभी अतिथियों को जांगिड ब्राह्मण मारवाड़ सभा के पदाधिकारियों द्वारा साफा, शॉल एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

श्री हरीश आर. जांगिड प्रमुख जां.ब्रा. मारवाड़ सभा द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।

श्री प्रेमसुख शर्मा द्वारा अवगत करवाया गया कि शिल्पी फाउंडेशन का डॉ. जोगाराम जांगिड के सान्निध्य में गठन हुआ है तथा समाज की प्रतिभाओं को आगे लाने में इनके माध्यम से अहम् भूमिका रही है। तन, मन, धन से इस

संस्था को सहयोग प्रदान करें ताकि इस संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके। पूनम जी शिक्षाविद् को जोगाराम जी ने प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने उद्बोधन भी दिया तथा शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि जोगाराम जी जीवंत उदाहरण हैं ये आभूषण हैं इस भूषण सम्मारोह के।

श्री सी.आर. करल (सी.ए.) द्वारा चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट के विषय पर अपने विचारों से प्रतिभाओं को अवगत कराया।

डॉ. मोनिका अग्रवाल द्वारा प्रतिभाओं को बताया कि किस प्रकार जल्दी सोने एवं जल्दी उठने से आप बड़ी पर्सनलिटी बन सकते हैं।

डॉ. अन्जु सुथार (व्याख्याता) द्वारा भी अपने उद्बोधन में कहा बाड़मेर की धरा को धन्य मानती हूँ, जब हमारी यहाँ से ये बड़ी-बड़ी सांगाराम जी, जोगाराम जी जैसी कई प्रतिभाएं हैं। हमारे मंसूबे बहुत बड़े हैं। ये बड़ी-बड़ी प्रतिभाएं महाविद्यालय के लिए एक ईकाई का गठन करें तथा पहले सर्वे करें कितने बच्चे हैं समाज के। एक दिन ऐसा भी आयेगा जब मंच पर महिलाएं विराजमान होंगी।

श्री अमराराम द्वारा उद्बोधन में कहा बाड़मेर की भूमि पर हमें गर्व है। मुझे यहाँ से प्यार है तथा हम इसे कभी नहीं भूल सकते हैं। आज विदेशों में भी हमारे समाज के बन्धुओं ने भारत के झण्डे गाड़ रखे हैं। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि स्वयं पर निर्भरता होनी चाहिए और इसका उदाहरण उन्होंने अब्दुल कलाम आजाद का दिया, जिन्होंने कभी भी अपनी शिक्षा की पूर्ति के लिए किसी की मदद नहीं ली तथा स्वयं ने पढ़ाई के साथ-साथ आजिविका का लक्ष्य रखा। प्रेमसुख जी एवं जोगाराम जी ने शिल्पी फाउण्डेशन संस्था की नींव रखी और उन्होंने बीड़ा उठाया है कि प्रतिभाओं को तराश कर किस प्रकार आगे लाया जाए। अतः अपनी कमाई से कुछ प्रतिशत समाज को सहयोग प्राप्त होना चाहिए, वो चाहे 1 रु. से 1 लाख जो भी हो। उन्होंने 51000 रु. जांगिड पंचायत बाड़मेर को एवं 51000 रु. श्री विश्वकर्मा पंचायत बाड़मेर को देने की घोषणा भी की।

इसके उपरान्त श्री आर.सी. शर्मा (इन्कमटैक्स जज) द्वारा भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर ''शिल्पी फाण्डेशन इण्डिया डॉट ओआरजी'' वेबसाइड की भी शुरुआत माननीय अतिथियों द्वारा की गई। जो मुकेश माण्डण द्वारा तैयार की गई।

श्री चूनाराम द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि समारोह में प्रतिभाओं को सम्मान देना महान कार्य है। वैसे तो हर बच्चा प्रतिभाओं के साथ ही जन्म लेता है। उस बालक को माता-पिता द्वारा मार्ग-दर्शन की आवश्यकता होती है। जिस प्रकार हर पत्थर में आकृति होती है, लेकिन दिखाई नहीं देती, मूर्तिकार इसे आकार देता है, उसी प्रकार माता-पिता भी बालक को सही दिशा दें तो प्रतिभा कम समय में ही उसको प्राप्त हो सकती है। किसी भी प्रतिभा का सम्मान होता है तो उससे प्रेरणा का संचार होता है। मैं पहले अध्यापक था, लेकिन जोगाराम जी के आई.ए.एस. बनने पर उनका सभी जगह सम्मान होता उसे देखकर मैंने भी प्रेरणा ली।

कछुआ एवं खरगोश की कहानी भी हमें सिखाती है कि बिना मेहनत के कुछ भी हासिल नहीं हो सकता।

अन्त में श्री जोगाराम जांगिड जी का अध्यक्षीय उद्बोधन हुआ। उन्होंने कहा शिक्षा में मारवाड़ में बहुत क्रियटिव कार्य हुआ है। शिल्पी फाउंडेशन की स्थापना क्यों हुई? संस्थाओं को एक अलग नज़रिये से कार्य करने की आवश्यकता होती है, यहाँ पर भी चेहरा नहीं, मंच नहीं और अहंकार नहीं ये तीन चीजें इससे जुड़ी हुई हैं। चार प्रकार के लोग हम इससे जुड़े हुए हैं, जिसमें भामाशाह, शिक्षाविद, पदाधिकारीगण एवं प्रशासनिक अधिकारीगण।

सर्व प्रथम इस संस्था में शिक्षा की शुरुआत की है। आर्थिक स्थिति से कमजोर हो उसे सपोर्ट कर गाईडेन्स की आवश्यकता, मारवाड़ जिले में परीक्षा का आयोजन हो, जिसके अच्छे अंक आए उनको हॉस्टल एवं कोचिंग की व्यवस्था आदि कर (आर.ए.एस. व आर.पी.एस.) तैयारी करवाना तथा जोधपुर एवं जयपुर में हो इसके लिए वित्तिय (फण्ड) की तैयारी करना, डिजाइन कर रहे हैं प्रोग्राम। छात्रवृत्ति की शुरुआत भी आज से शुरू की है। किसी भी प्रकार किसी में टेलेन्ट है तो उसको पूरा करना चाहिए।

हम प्रोग्रेस तो कर रहे हैं, लेकिन संस्कारों में अभी पीछे हैं। छात्रावास केवल ठहरने के लिए नहीं होना चाहिए, उसको बदलने की आवश्यकता है। सोशल मीडिया में धरातल पर रहने की सलाह दी। जिन लोगों का चयन हो रहा है, सामाजिक पूंजी का दुरुपयोग क्यों करें। आपको जीवन में सोच रखनी होगी कि मुझे क्या करना है।

शिल्पी फाउण्डेशन की ओर से 8 बच्चों को छात्रवृत्ति, प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ती पत्र समारोह में प्रदान किए गए।

मंच संचालन डॉ. हुक्माराम सुथार, श्री नरेश पालेचा द्वारा किया गया। श्री हरीश जांगिड ने प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए छात्रवृत्ति एवं हर स्तर पर छात्रावास की व्यवस्था करने को कहा।

वहीं डॉ. हुक्माराम सुथार ने प्रतिभाओं के लिए आई.ए.एस., आर.ए.एस. कैरिअर काउंसलिंग की बात की। इस अवसर पर सभी पंचायत एवं सभाओं के अध्यक्षों का भी बहुमान किया गया तथा समाज के प्रबुद्धगणों में श्री भंवरलाल जांगिड अध्यक्ष जांगिड समाज, श्री अशोक अठवासिया अध्यक्ष सोजत सीटी, श्री पूनाराम सायल, श्री दुर्गाराम सुथार, श्री प्रकाश शर्मा, श्री राजेन्द्र जांगिड, श्री प्रदीप बेगड़, श्री अशोक कींजा सभी पाली से, डॉ. अनिल शर्मा, कंचन माकड़, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री त्रिलोकचन्द एंकर जोधपुर उपस्थित हुए।

### विजय शर्मा (अठवासिया) जोधपुर द्वारा आयोजित 21वां 8 दिवसीय राम रसोड़े व मेडिकल कैम्प का समापन

श्री विजय कुमार शर्मा (अठवासिया) जोधपुर द्वारा बाबा रामदेव जी की कृपा और इनके माता-पिता स्व. श्री मदनलाल जी व स्व. श्रीमती सुगनी देवी जी की प्रेरणा से प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21वां 8 दिवसीय राम रसोड़े व मेडिकल कैम्प का आयोजन बाबा रामदेव जी के जातरुओं के लिए देचू में (रामदेवरा जोधपुर रोड़) पर आयोजित किया गया। यह भण्डारा 8 अगस्त से 16 अगस्त तक आयोजित किया गया। यहाँ प्रतिदिन लगभग 10,000 जातरुओं ने निःशुल्क भोजन व्यवस्था का लाभ लिया। मेडिकल कैम्प भी जातरुओं की सुविधाओं के लिए लगाया गया।

इस कार्यक्रम में इनके सभी मित्रों, परिवारजनों, श्री सुवालाल, श्री सोहनलाल, श्री निरंजन, श्री आनन्द, श्री प्रीतम, श्री राजेश भाटी, श्री नेमीचन्द का सराहनीय योगदान रहा।

सभी जातरुओं को थाली, कटोरी व ग्लास भोजन व्यवस्था में रखा गया। विशाल पाण्डाल की सुन्दर व्यवस्था व कालीन पर बिठाकर यात्रियों को भोजन करवाया गया। लगभग 50 व्यक्तियों ने हलवाई के कार्य में सहयोग किया। राजस्थान से ही नहीं भारत के कई हिस्सों से यहाँ यात्री आते हैं तथा सैलानी भी बड़ी मात्रा में आते हैं। (कृपया रंगीन पृष्ठ पर फोटोग्राम भी अवश्य देखें)।

### जांगिड फाउण्डेशन एवं डी.डी. भारती के तत्वावधान में सशक्त नारी, सशक्त भारत अभियान का आयोजन सम्पन्न

19 अगस्त, 2017 को महाराजा महिला पी.जी. कॉलेज प्रांगण

बहरोड़ (अलवर) में जांगिड फाउण्डेशन नई दिल्ली एवं डी.डी. भारतीय के तत्वावधान में सशक्त नारी, सशक्त भारत अभियान के तहत महिला आत्म रक्षा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान के श्रम मंत्री डॉ. जसवंत यादव ने समारोह का उद्घाटन करते हुए छात्राओं से कहा आप धन्य हैं भारत देश में जन्म लिया, जिसकी संस्कृति में नारी को देवी मान कर पूजा जाता है। नारी कमजोर नहीं बलवान है। पुराने काल में बड़े-बड़े राक्षकों का वध कर धर्म की रक्षा की है। वर्तमान में भी नारी पुरुषों से कम नहीं है, परंतु यह भी कटु सत्य है नारी को नारी ने ही कमजोर किया है। इसके लिए आपको जागृति लानी होगी। कार्यक्रम से पूर्व जांगिड फाउण्डेशन एवं जांगिड मोटर्स के चेयरमैन श्री राजेश शर्मा व महाराजा महिला पी.जी. कॉलेज के चेयरमैन दलिप सिंह यादव, निदेशक कंवर सिंह यादव ने श्रम मंत्री व साथ में आये बर्डोद मण्डल अध्यक्ष श्री राजू सेठ, जिला पार्षद श्री देशराज खरेरा, श्री रामावतार यादव, श्री रोहिताश सैनी, मुख्यमंत्री के निजि सचिव श्री विक्रम जांगिड, सी.आई.एस.एफ. उप निरिक्षक सुनिता डागर का स्वागत कर श्रम मंत्री को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा मेधावी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। जांगिड समाज द्वारा 600 छात्राओं को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सी.आई.एस.एफ. के जवानों ने छात्राओं को आत्म रक्षा के लिए हुक पंच, स्ट्रेट पंच, ओपन हैड पाम अटैक, राउण्ड एल्बो, फ्रन्ट एल्बो, हैमर हिट, हाई किक आदि डिफेन्स तकनीकों का प्रदर्शन कर बचाव के तरीके बताये। दिल्ली पुलिस सेल्फ डिफेन्स के कोच श्री अशोक चुघ ने छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट तकनीक की जानकारी देते हुए कहा कि स्वयं आत्मबल ही सेल्फ डिफेंस की सबसे बड़ी कुंजी है। इस अवसर पर बहरोड़ जांगिड समाज के अध्यक्ष डॉ. शिवराम शर्मा, श्री संजय शर्मा, श्री लीलाराम, श्री महेन्द्र जांगिड, जांगिड समाज की महिला अध्यक्ष सरला शर्मा सहित समस्त स्टाफ व भाजपा कार्यकर्ता श्री आवेश दिवान, प्रवक्ता श्री अनिल यादव, श्री शीशराम पोसवाल, श्री सुनील शर्मा, श्री भूपसिंह गोठवाल, श्री अनिल शर्मा, श्री कर्मवीर रावत आदि उपस्थित थे।

मंच संचालन रूचिका व प्रियंका ने किया। जांगिड समाज मीडिया प्रभारी श्री महेश जांगिड ने समारोह में पधारे अतिथियों का आभार जाताया।

**-महेश जांगिड**, डी.डी. भारतीय, ब्यूरो चीफ अलवर

## जिला सभा जयपुर की प्रधान एवं प्रदेशाध्यक्ष के चुनावों को लेकर औपचारिक मीटिंग सम्पन्न

26 अगस्त, 2017 को प्रदेश भवन विद्याधर नगर में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान द्वारा की गई। मंचासीन अतिथियों में श्री लखन शर्मा उपप्रधान महासभा एवं प्रदेश प्रभारी राज., डॉ. अशोक जांगिड उपप्रधान महासभा, श्री शिवनारायण थानेदार उपप्रधान महासभा, श्री कज्जूलाल जांगिड वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदेश सभा राज., श्री कैलाश शर्मा सालीवाले महामंत्री प्रदेश सभा, श्री सुरेश पिलवाल पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्रीमती भारतीय जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ जयपुर, श्री कन्हैया लाल चिचावा संगठन मंत्री महासभा, श्री लखन शर्मा नायन, श्री मनोहर लाल जांगिड एक्स.ई.एन., श्री गजानन्द जांगिड ए.ई.एन., श्री प्रेम शर्मा एक्साईज, श्री मूलचन्द बिसायती वयोवृद्ध एवं समाज सेवी, श्री योगेश जांगिड युवा प्रकोष्ठ महामंत्री आदि मंचासीन हुए।

अंगिरा जयन्ति होने पर अंगिरा ऋषि जी की आरती एवं विधिवत पूजन कर मीटिंग का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।

समाज को एक उद्योगपति व समाजसेवी श्री सुखदेव जांगिड (भगवती एण्ड कम्पनी) की गत दिनों जो क्षति हुई उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया।

मीटिंग के एजेण्डे के अनुरूप आगामी प्रधान एवं प्रदेशाध्यक्ष के चुनावों की तिथि महासभा से घोषित होने के पश्चात् राजस्थान से किन-किनको इस पदों के लिए चुने इसकी समीक्षा की गई। जिनमें कई नाम थे लेकिन प्रधान के पद के लिए लगभग सभी ने श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) को समर्थन दिया, जबकि लगभग सभी ने श्री कैलाश शर्मा सालीवाले को प्रदेशाध्यक्ष के पद के लिए समर्थन दिया, परन्तु उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से चुनाव नहीं लड़ने का अपना इरादा प्रकट किया तथा श्री लखन शर्मा को प्रदेशाध्यक्ष पद पर अपनी ओर से समर्थन दिया तथा सभी ने श्री लखन शर्मा का समर्थन किया।

विचार प्रकट करने में श्री सुरेश पिलवाल, श्री कैलाश शर्मा सालीवाले, डॉ. अशोक जांगिड, श्रीमती भारती, श्री रामेश्वर टटेरा, श्री सीताराम टटेरा, श्री शिवनारायण थानेदार, श्री लखन शर्मा एवं श्री रविशंकर शर्मा, श्री घनश्याम शर्मा जिलाध्यक्ष जयपुर आदि।

श्री लखन शर्मा एवं श्री रविशंकर शर्मा दोनों ने सभी का आभार जताया तथा सभी समाज बन्धुओं से राय कर प्रधान जी से बात कर ही इस ओर कदम बढ़ाने के लिए कहा।

इस अवसर पर श्री लल्लूराम जांगिड तह. अध्यक्ष जमवारामगढ़, श्री चिरंजीलाल तेराणिया तह. अध्यक्ष, श्री चिरंजीलाल जांगिड तह. अध्यक्ष विराट नगर, श्री मुकेश झाझवाड़ तह. अध्यक्ष बस्सी, श्री रामबाबू जांगिड पूर्व तह. अध्यक्ष बस्सी, श्री घासीलाल जांगिड पूर्व तह. अध्यक्ष फागी, श्री रामेश्वर प्रसाद जांगिड (मांगरोल) पूर्व अध्यक्ष जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति दुर्गापुरा, श्री जगदीश जी डूंगरी जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति दुर्गापुरा, श्री महेश जांगिड एवं श्री बृजमोहन जांगिड (समेल) पूर्व अध्यक्ष जांगिड हस्तकला सेवा समिति गुर्जर की थड़ी जयपुर, श्री रामगोपाल जांगिड अजीतगढ़, श्री कैलाश जांगिड पूर्व अध्यक्ष सोडाला समिति, श्री ओमप्रकाश लावण्डीवाल पूर्व अध्यक्ष सोडाला समिति, श्री सुरेन्द्र कासलीवाल उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री भगवान सहाय कडवाणिया, श्री मूलचन्द लावण्डीवाल ब्लॉक अध्यक्ष सिविल लाईन्स विधान सभा क्षेत्र, श्री महेश जांगिड ब्लॉक अध्यक्ष झोटवाड़ा विधान सभा क्षेत्र, श्री कुन्दनमल जांगिड ब्लॉक अध्यक्ष आगरा-गोनेर रोड़ विधान सभा क्षेत्र जयपुर, श्री किशोर जांगिड राजेन्द्र मशीन टूल्स, श्री सीताराम शर्मा (शर्मा एण्ड कम्पनी), श्री जगदीश चरण नदी, श्री रामबाबू सिरोठिया, श्री राधेश्याम चिचावा एवं श्री रामजीलाल विराट नगर संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री महेश जांगिड अध्यक्ष आमेर, श्री लल्लूलाल जांगिड अध्यक्ष शाखा सभा झोटवाड़ा, श्री भंवरलाल मण्डावरा पूर्व अध्यक्ष शाखा सभा झोटवाड़ा, श्री रामचरण जांगिड अध्यक्ष कारपेन्टर एसोसिएशन, श्री राम अवतार पिलवाल संरक्षक, श्री बद्रीप्रसाद जांगिड (शहर वाले), श्री बाबूलाल जांगिड सभी कारपेन्टर एसोसिएशन, श्री सीताराम जांगिड अध्यक्ष पांच्यावाला-मीनावाला, श्री चन्द्रदत्त जांगिड अध्यक्ष जां. विकास समिति दादी का

फाटक, श्री छगनलाल जांगिड प्रवक्ता जांगिड विकास समिति दादी का फाटक, श्री मनोहरलाल शर्मा आकाशवाणी (दूरदर्शन), श्री सतीश जांगिड अध्यक्ष शाखा सभा जगतपुरा, श्री शंकर लाल जांगिड, श्री प्रभुलाल जांगिड, श्री हनुमान सहाय जांगिड श्री बस बॉडी एसोसिएशन, श्री गोविन्द जांगिड ढेहर का बालाजी, श्री सुवा लाल जांगिड, श्री नरेन्द्र जांगिड ढेहर का बालाजी, श्रीमती कृष्णा जांगिड, श्री नाथूलाल जांगिड तह. अध्यक्ष चाकसू, श्री सूरजमल जांगिड कोटखावदा, श्री सूरजमल जांगिड वाटिका, श्री फूलचन्द पंवार पूर्व उपप्रधान महासभा चौमूं, श्री दिनेश जी, श्री राजेश कुमार कांवट, श्री भीमराज जांगिड कलाकृति, श्री प्रहलाद खण्डेलवाल सुदर्शनपुरा, श्री सी.एम. शर्मा ढेहर का बालाजी, डॉ. रजनीकान्त बिसायती, श्री कमल युवा प्रकोष्ठ, श्री पी.डी. हर्षवाल, श्री लल्लूलाल जायलवाल शास्त्री नगर, श्री गोपाल लाल जांगिड एवं श्री ओमप्रकाश जांगिड कानोता, श्री गोपाल सिरोठिया, श्री रतनचन्द्र शर्मा ए.ई.एन. आदि। मंच संचालन जिलाध्यक्ष श्री घनश्याम पंवार द्वारा किया गया।

अन्त में श्री रमेश चन्द शर्मा महामंत्री जिला सभा द्वारा सभी आगन्तुक समाज बन्धुओं का आभार प्रकट किया।

### श्री विश्वकर्मा जांगिड समाज सेवा समिति पाली के तत्वावधान में विश्वकर्मा छात्रावास का भूमि पूजन एवं शिलान्यास

20 अगस्त, 2017 को श्री विश्वकर्मा जांगिड सेवा समिति पाली के तत्वावधान में श्री विश्वकर्मा छात्रावास का भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम नया गाँव रोड़ पर सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर भूखण्ड दानदाताओं में जोधपुर निवासी श्री मोहनलाल चुंदा परिवार एवं भामाशाह अमराराम जांगिड, उद्योगपति पूनाराम बरनेला, उद्योगपति मुरलीधर शर्मा, शिल्पी फाउण्डेशन संस्थान जोधपुर के अध्यक्ष श्री प्रेमसुख जी एवं जवाली मन्दिर के अध्यक्ष श्री चन्दनमल जांगिड, वायद मन्दिर के अध्यक्ष श्री चैनाराम सुथार के करकमलों से बाहर से पधारे समाज बन्धुओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

श्री मोहनलाल चुन्दा ने जोड़े के साथ भूमि पूजन किया। नींव की खुदाई के पश्चात भामाशाह परिवार, रिश्तेदारों एवं जांगिड समाज की संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में भूखण्ड दानदाता परिवार, भामाशाहों व समाज की विभिन्न संस्थाओं से पधारे पदाधिकारियों का समिति द्वारा माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष भंवरलाल जांगिड ने छात्रावास के निर्माण की आवश्यकता, प्रेरणा एवं योजना के बारे में अवगत करवाया। भामाशाह अमराराम जांगिड ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जांगिड समाज लोग अपने हुनर के बल पर भारत के साथ-साथ विदेशों में अपने टेलेन्ट से देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

शिल्पी फाउण्डेशन संस्थान जोधपुर के अध्यक्ष श्री प्रेमसुख शर्मा ने कहा कि 20 साल पहले भामाशाह परिवार ने यह जमीन उपलब्ध कराई और समाज के अग्रणी लोगों ने आज शिक्षा के क्षेत्र में जागृति लाकर इसका बीड़ा उठाया। यह समाज के प्रति एक अच्छी सोच व विकास की पहल है। जवाली मन्दिर के अध्यक्ष चन्दनमल जांगिड ने कहा कि अच्छी सोच से ही अच्छे समाज का निर्माण होता है। इस अवसर पर डॉ. बंशीलाल शर्मा ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में पधारे सभी भामाशाहों व समाज बन्धुओं ने शिक्षा के विकास में इस छात्रावास के निर्माण के लिए तन-मन व धन से सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। श्री रामेश्वर जांगिड ने छात्रावास के प्रस्तावित नक्शे की जानकारी दी। मंत्री श्री ओमप्रकाश जांगिड ने सभी का धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर दानदाता परिवार के रिश्तेदार श्री किशनलाल राजोतिया, श्री बाबूलाल, श्री भंवरलाल, वायद मन्दिर से श्री मोहनलाल जोपिंग, श्री हनुमान निम्बला, श्री घनश्याम जांगिड राणावास, श्री मांगीलाल चेलावास, श्री किशन डायलाना, पाली के पूर्व अध्यक्ष श्री सोहनलाल शर्मा, श्री गोरधन लाल कींजा, श्री ढलाराम, श्री पूनम, श्री डायाराम, श्री गणेश, श्री भंवर सायल, श्री मिश्री लाल, श्री चन्द्रप्रकाश एडवोकेट, श्री पूनाराम सायल, श्री मांगीलाल लूंजा, श्री जगदीश चवला, श्री बद्रीलाल, श्री गोरधन लाल चंडावल, श्री राजेन्द्र, श्री प्रदीप, श्री मुकेश, श्री रामदेव, श्री चम्पालाल सहित जांगिड समाज के कई लोग उपस्थित थे।

-भंवरलाल जांगिड (अध्यक्ष)

### जांगिड विकास समिति (दादी का फाटक) जयपुर द्वारा भव्य 11वां प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

3 सितम्बर, 2017 को श्री गणपति पैराडाइज दादी का फाटक, मुरलीपुरा, जयपुर में जांगिड विकास समिति (दादी का फाटक) जयपुर द्वारा भव्य 11वां प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, समारोह के मुख्य अतिथि श्री मीताराम जांगिड (बरवाड़िया) बिल्डर मुम्बई-गोवा थे तथा समारोह के अति विशिष्ठ अतिथियों में श्री रामअवतार जांगिड रजत उद्योगपति जयपुर, श्री गोविन्द नारायण शर्मा (आयुष एग्रोटेक इण्डस्ट्रीज), श्री देवीदत्त जांगिड (आदित्य बिल्डर्स, मुरलीपुरा) उद्योगपति, श्री रामरतन जांगिड (कन्हैयालाल रामरतन) रामपुरा डाबड़ी, श्री धनेन्द्र शर्मा (नायन वाले) एम.डी. मशीन टूल्स वी.के.आई. जयपुर, श्री घनश्याम शर्मा (पंवार), जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री गिरधारी लाल जांगिड प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटक, श्री लखन लाल (नायन), डॉ. शारदा कृष्ण, से.नि. व्याख्याता, श्री रामस्वरूप बगवाड़ा (भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य), श्री रामचरण बोहरा (सांसद) आदि मंचासीन हुए।

समारोह का प्रारंभ विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण, पूजा एवं सामूहिक आरती से हुआ।

सभी अतिथियों का दुपट्टा, साफा, शॉल एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर समिति के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। परिपाटी के अनुसार प्रतिभा सम्मान समारोह में छात्रों से पहले गुरु का सम्मान किया जाता है। इसी क्रम में डॉ. शारदा कृष्ण से.नि. व्याख्याता हैं उनको दुपट्टा, शॉल, प्रतीक चिह्न, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया।

लगभग 250 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया, जिसमें माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा में 80% या अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या 61 तथा सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी की 96% थी।

वहीं कक्षा 12वीं में सीबीएसई के 12 छात्र थे, जिनमें अधिकतम 93% के थे। कक्षा दसवी में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से 54 विद्यार्थी तथा सीबीएसई से 21 विद्यार्थी थे।

कक्षा 8वीं में 'ए' ग्रेड प्राप्त 70 विद्यार्थी थे।

इसके अतिरिक्त एम.बी.बी.एस., आई.आई.टी., गेट आदि की प्रतिभाओं के साथ खेलकूद में 20 प्रतिभाएं सम्मलित थीं।

राज. बोर्ड से 10वीं में प्रथम स्थान पर रीमा जांगिड (94.33%) में सिल्वर मेडल तथा दिव्या जांगिड (94.67%) को गोल्ड मेडल वहीं राजस्थान बोर्ड से 12वीं कक्षा में प्रियल जांगिड (95.60%) सिल्वर

मेडल तथा एकता जांगिड (96%) को गोल्ड मेडल मिले। वहीं पर सीबीएसई से 10वीं कक्षा में यक्षिता शर्मा (9.8 सीजीपीए) को सिल्वर मेडल तथा आयुषी जांगिड (10 सीजीपीए), छाया जांगिड (10 सीजीपीए) एवं विकास शर्मा (10 सीजीपीए) तीनों को गोल्ड मेडल वहीं सीबीएसई की 12वीं कक्षा में आनन्द शर्मा (91.80%) को सिल्वर मेडल तथा हिमांशु शर्मा (92.80%) को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए।

15 छात्र-छात्राओं को समिति द्वारा 5000-5000 रु. की छात्रवृत्ति राशि वितरण की गई। 15 छात्र-छात्राओं को लेपटॉप टेबल श्री कैलाश चन्द्र शर्मा (आर.के. फर्नीचर, मुरलीपुरा) द्वारा प्रदान की गई।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा उद्बोधन हुआ। सांसद श्री रामचरण बोहरा ने भी जांगिड समाज को जागरूक बताया तथा अब शिक्षा के क्षेत्र में भी समाज अग्रणी हो रहा है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री मीताराम जांगिड द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि प्रतिभाओं को कभी भी अपने को कम आंकने की जरूरत नहीं है। उदाहरण देकर समझाए कि कद छोटा हो, रंग सांवला हो या कोई आप के अन्दर ऐसी चीज़ है जो आपको कुंठित करती रहती है तो उसकी परवाह किए बिना आप अपने लक्ष्य पर ध्यान रखो और आगे बढ़ो, स्वयं का उदाहरण दिया अपने मित्र का उदाहरण दिया। शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए उन्होंने मुम्बई में विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट की स्थापना की है, उसमें प्रतिवर्ष 20 लाख से अधिक की छात्रवृत्ति जरूरतमन्द छात्रों को उच्च शिक्षा में अग्रणी बनाने के लिए मुहिम चलाई,, जिसमें 1 लाख से 2 लाख रुपये तक की सहायता दी जा सकती है।

इस अवसर पर डॉ. शारदा कृष्ण जिनको गुरु का सम्मान मिला, उन्होंने भी राजस्थानी भाषा में अपना उद्बोधन देते हुए हर्ष जताया कि समाज शिक्षा के प्रति जागरूक है तथा 250 छात्र-छात्राएं आज प्रतिभा के रूप में यहाँ समारोह में उपस्थित हुए।

सुशील कुमार शर्मा सांसद द्वारा भी अपने उद्बोधन में कहा जांगिड विकास समिति दादी का फाटक इन प्रतिभाओं का सम्मान इनके उज्वल भविष्य को निखारने के लिए कर रही है।

चन्द्रदत्त जांगिड अध्यक्ष जांगिड विकास समिति ने इस आयोजन के उद्देश्य को समाज को शिक्षा में आगे लाने एवं प्रतिभाओं को निखारने के लिए ही हम कोशिश कर आपके समक्ष कर रहे हैं ताकि वे भविष्य में और आगे बढ़ सकें।

श्री करतार योगी प्रधानाचार्य (बसन्तबैली स्कूल, माचेड़ा) द्वारा भी प्रतिभाओं को अपने उद्बोधन में मोटीवेट किया।

इस अवसर पर हजारों की तादात में खूबसूरत पाण्डाल में अतिथिगण, समाज बन्धु, प्रतिभावान छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक गण प्रातः 11.30 से सायंकाल 8 बजे तक पाण्डाल में उपस्थित रहे। निशा जांगिड द्वारा कोरियोग्राफी के अन्तर्गत समाज की छात्राओं ने थोड़े-थोड़े अन्तराल पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों को पेश किया, जिसमें सभी दर्शकगणों ने करतल ध्वनी से उनका सम्मान किया। प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार भी बहुत प्राप्त हुए।

प्रत्येक वर्ष की भांति इस समारोह में पूरे पाण्डाल में खचा-खच भरने के उपरान्त दर्शक खड़े रहे। व्यवस्था इतनी सुन्दर थी, शिक्षा से जुड़ा हुआ कार्यक्रम था, बिल्कुल उसी अनुरूप कार्यक्रम संचालित होता रहा, किसी प्रकार का कोई व्यवधान नहीं, साउण्ड लाईट, चाय, नाश्ता, शीतल पेय कार्यकर्ताओं ने शालीनता से सभी तक पहुँचाया। कई महिनों से इस समिति के पदाधिकारीगण एवं सदस्य दिन-रात मेहनत कर इस समारोह में जुटे रहे हैं। श्री त्रिलोक रावत (रावत कॉलोनाईजर) द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 साइकिलें निःशुल्क छात्र-छात्राओं को लॉटरी द्वारा वितरण की गई।

इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धगणों में श्री लखन शर्मा उपप्रधान, डॉ. अशोक जांगिड उपप्रधान, श्रीमती भारती जांगिड, श्री मूलचन्द बिसायती, पं. ज्ञानेश शर्मा, श्री महेन्द्र जांगिड, श्री पी.डी. शर्मा (बैंक), श्री एम.एल. जांगिड (आर.ए.एस.), श्री मौजीराम बहादुरगढ़ वाले, श्री सीताराम जांगिड जांगिड इन्टरक्राफ्ट, श्री सीताराम टटेरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला सभा, श्री राहुल शर्मा युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष, श्री रमेश चन्द शर्मा महामंत्री जिलासभा, श्री मदनलाल राजोतिया, श्री सुरेन्द्र कासलीवाल, श्री भगवान सहाय कड़वासिया, श्री दिनेश कड़वासिया तथा श्री बाबूलाल जांगिड (सरपंच) अध्यक्ष जां.वि. समिति सभी सोडाला, श्री सीताराम जांगिड अध्यक्ष पांच्यावाला, श्री किशोरी लाल जांगिड राजेन्द्र मशीन टूल्स, श्री गोपाल बिसायती, श्री रामचरण जांगिड अध्यक्ष एवं श्री रामअवतार पिलवाल संरक्षक कारपेन्टर एसोसिएशन, श्री भंवरलाल गार्ड, श्री अशोक कुमार अध्यक्ष जालसू, श्री मुकेश झाझवाड़, तहसील अध्यक्ष बस्सी श्री दयाल रोडवाल, श्री पूरणचन्द जांगिड झोटवाड़ा, श्री हरीश रामा उद्योग, श्री मनोहरलाल जायलवाल शास्त्री नगर (अध्यक्ष), श्री कौशल शर्मा (नेहा सेल्स), श्री जीवनराम शर्मा (मैनेजर बैंक), श्री केदार जांगिड, श्री गजानन्द गोगोरिया अध्यक्ष अतिथि गृह ढेहर का बालाजी, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टुडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा, श्री लालचन्द जांगिड (सर्वोदय इण्डस्ट्रीज), श्री विजय कुमार, श्री तेजकुमार, श्री रामजीलाल जांगिड एवं श्री राधेश्याम चिचावा संगठन मंत्री प्रदेश सभा।

समारोह में दिनों दिन चार चांद लग रहे हैं, मंच संचालन श्री चन्द्रकान्त शर्मा (कुमार फोटोज) एवं श्री कैलाश चन्द्र शर्मा सालीवाले (महामंत्री प्रदेश सभा) द्वारा इतना सुन्दर तरीके से हुआ कि घण्टों तक दर्शकदीर्घा में किसी प्रकार की कोई हलचल नहीं हुई मंच संचालन ही किसी भी समारोह की जान होती है और इसे प्रदान करने में चन्द्रकान्त जी एवं कैलाश जी की महत्ती भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम के संचालनों में चन्द्रदत्त जी की भी भूमिका कम नहीं रही, जैसा कि उनके उद्बोधन में आपको लगा होगा।

## जिला सभा अजमेर की त्रैमासिक मीटिंग किशनगढ़ में सहर्ष सम्पन्न

अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा जिला सभा की त्रैमासिक बैठक जांगिड भवन, आज़ाद नगर, मदनगंज, किशनगढ़ में सहर्ष सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम जिला मंत्री ने संचालन करते हुए मुख्य अतिथि व जिलाध्यक्ष सत्यनारायण दायमा को मंचासीन कराया। मंचासीन अतिथि श्री घीसालाल कंवलेचा, देवकरण गोठड़ीवाल जिलाध्यक्ष ने विश्वकर्मा पूजा, आरती, माल्यार्पण किया। शाखा सभा किशनगढ़ के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सतीश तामडोल्या जिला मंत्री ने एजेण्डानुसार गत मीटिंग की कार्यवाही का पठन कर अनुमोदन प्राप्त किया। इसी क्रम में जिला कोषाध्यक्ष श्री गणेश नागल द्वारा आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत कर अनुमोदन प्राप्त किया। पहली बार जिलाध्यक्ष के प्रयासों से किशनगढ़ में शाखा सभा अध्यक्ष का विधिवत् चुनाव हुआ। श्री रामगोपाल गोठड़ीवाल को कार्यकारिणी के साथ अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। जिला सभा द्वारा हर शाखा सभा क्षेत्र में संगठन को सुदृढ़ एवं विकास को गति प्रदान करने हेतु तहसील प्रभारी नियुक्त किए। ब्यावर से श्री मोहनलाल लदोया पीसांगन से पन्नालाल

लदोया, विजयनगर से प्रहलाद बरवाड़िया केकड़ी से बंशीलाल कींजा अराई से नाथूलाल बींजरवाड़ा को माला पहनाकर तहसील प्रभारी मनोनयन प्रमाण पत्र प्रदत्त किए गए। जांगिड जागृति मिशन के बारे में जिलाध्यक्ष जी ने प्रकाश डालते हुए मृत्यु भोज, दहेज प्रथा, बाल विवाह, नशा मुक्ति, अन्य समाज से सम्बन्ध जोड़ना आदि पर ठोस पाबंदी एवं पूर्ण रोक लगाई जाय। शिक्षा स्वरोजगार पर विशेष जोर दिया जाए। श्री घीसालाल कंवलेचा, गुलाबचन्द चोयल, श्री देवकरण गोठड़ीवाल, श्री कन्हैयालाल धाराणिया, श्री प्रहलाद कलेठिया आदि ने जिला सभा की सराहना करते हुए किशनगढ़ में पहली बार जिला सभा की बैठक कराने पर जिलाध्यक्ष को धन्यवाद दिया। किशनगढ़ में जहाँ महासभा का कोई वर्चस्व नहीं था वहा जिलाध्यक्ष ने शाखा सभा अध्यक्ष श्री रामगोपाल गोठड़ीवाल, जांगिड काष्ठ कला विकास समिति अध्यक्ष गोपाल हर्षवाल जांगिड विकास समिति शिवाजी नगर अध्यक्ष जीवराज जायल के विधिवत् चुनाव करवा शपथ दिलवाकर महासभा से पंजीयन कराया है। विश्वकर्मा मंदिर विकास समिति गांधी नगर का भी शीघ्र ही पंजीयन कराया जायेगा। नसीराबाद शाखा सभा अध्यक्ष सत्यनारायण आमेरिया, अराई शाखा सभा अध्यक्ष केकड़ी विजय नगर आदि का स्वागत किया गया। किशनगढ़ शाखा सभा के साथ काष्ठ कला व जांगिड विकास समिति आदि ने मिलकर उचित व्यवस्था व भोजन की शानदार व्यवस्था से आगन्तुकों को लाभान्वित किया। बैठक के समापन में जिलाध्यक्ष जी ने किशनगढ़ की सभी संस्थाओं को जिला सभा की बैठक सहर्ष सम्पन्न कराने में विशेष योगदान हेतु धन्यवाद दिया। आगामी बैठक अराई में आयोजित होगी। मीटिंग में अजमेर, किशनगढ़, रूपनगढ़, अराई, केकड़ी, विजयनगर, श्री नगर, मसूदा, ब्यावर आदि क्षेत्रों से लोगों ने भाग लिया।

–सतीश चन्द तामड़ोल्या, जिलामंत्री

### जांगिड सेवा समिति जोधपुर द्वारा बाबा रामदेव मेले में 13वाँ विशाल भण्डारा व भजन संध्या का आयोजन सम्पन्न

जांगिड सेवा समिति जोधपुर पिछले 13 वर्षों से लगातार बाबा रामदेव मेले के दौरान जातरुओं के लिए विशाल भण्डारा एवं मेडिकल कैम्प तथा चाय–पानी की व्यवस्था व भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित करते हुए आ रही है।

इस वर्ष भी 17 अगस्त, 2017 से 21 अगस्त, 2017 तक विशाल भण्डारे का आयोजन जोधपुर से 168 कि.मी. चम्पावत फिलिंग सेन्टर जोधपुर रोड़, पोकरण पर किया गया। जातरुओं के लिए मेडिकल कैम्प, चाय–पानी एवं भोजन की सुन्दर व्यवस्था समिति द्वारा की गई। जिसमें 24 घण्टे सेवाएं उपलब्ध करवाई गई। विशेषकर मेले में पैदल यात्रियों को जो पैदल यात्रा में थक जाते हैं, पैरों में सूजन आ जाती है, ऐसे जातरुओं को 24 घण्टे निःशुल्क मेडिकल सेवाएं उपलब्ध करवाई गई।

21 अगस्त को विशाल भजन संध्या में "गजेन्द्र राव एण्ड पार्टी" ने मधुर भजनों से श्रोताओं का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम के दौरान जांगिड समाज के भामाशाहों का साफा एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथियों में श्री हरसुख राम भदरेचा, श्री मोहनलाल कुलरिया, श्री हीरालाल आसदेव, श्री रणछोड़ जांगिड, श्री रमेश प्रकाश शर्मा, श्री खींवराज रालड़िया व सूरत से श्री मदन भाई सारस्वत का सम्मान समिति अध्यक्ष श्री रामपाल खण्डेलवाल, श्री नारायण लाल कुलरिया, श्री किशोर माकड़ व कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा किया गया। समिति तन–मन–धन से इस आयोजन में अपनी निष्ठा व परोपकार की भावना से कार्य करती है, जिसकी जितनी सराहना की जाये कम है।

### महिला मोर्चा तहसील सभा शाहपुरा की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

29 अगस्त, 2017 को पीला का धाम, हनुमान मन्दिर खटकड़, त्रिवेणी (शाहपुरा) जयपुर में तहसील सभा शाहपुरा की महिला मोर्चा कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, अध्यक्षता श्री मामराज चिचावा तह. अध्यक्ष शाहपुरा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री खेमचन्द जांगिड जिलाध्यक्ष अलवर मंचासीन हुए। सभी मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर, साफा बन्धवा कर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर महिला मोर्चा की तहसील अध्यक्षा श्रीमती सुरज्ञानी सत्यनारायण जांगिड एवं पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। नवगठित कार्यकारिणी को मुख्य अतिथि श्री घनश्याम पंवार द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्‌बोधन में कहा कि शाहपुरा तहसील को एक भामाशाह के रूप में अध्यक्ष मिला है, जिनके प्रयास से शाहपुरा समाज के उत्थान में प्रगति हो रही है। मुझे बहुत खुशी हो रही है कि महिला मोर्चा की अध्यक्षा श्रीमती सुरज्ञानी जी ने एक शानदार टीम बनाई है, जो गाँव–गाँव जाकर समाज उत्थान एवं समाज के विकास के लिए महिलाओं में जागरूकता लायेगी।

अलवर जिलाध्यक्ष श्री खेमचन्द जांगिड ने कहा कि अब हिन्दुतान पुरुष प्रधान देश नहीं रहा। महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिल चुका है। समाज में मृत्युभोज, बाल विवाह आदि कुरुतियों को जड़ से मिटाने के लिए महिलाओं को आगे आकर आवाज़ उठानी होगी। तभी समाज उन्नति कर सकेगा।

तहसील अध्यक्ष श्री मामराज चिचावा ने कहा समाज अब पूर्ण रूपेण जागरूक हो गया है, समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आना होगा। शाहपुरा द्वारा त्रिवेणी धाम एक धर्मशाला/छात्रावास का निर्माण करवाया है। शीघ्र ही कार्यपूर्ण कर शिक्षा क्षेत्र में सेवानिवृत श्री लखन, श्री कजूलाल धानोता जैसे समाज सेवी लोगों के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य योजना तैयार की जायेगी।

इस अवसर पर श्री मुरलीधर नाथावाला, पूर्व तहसील अध्यक्ष श्री शिवदयाल जाला, श्री बाबूलाल खोजावाला, श्री राधेश्याम, श्री मालीराम जाला, श्री सुरेश चिमनपुरा सहित सैंकड़ों समाज बन्धुओं की उपस्थिति रही।

महिला मोर्चा अध्यक्षा श्रीमती सुरज्ञानी सत्यनारायण जांगिड ने आगन्तुक समाज बन्धुओं का आभार प्रकट किया तथा सभी को भोजन पर आमंत्रित किया।

### ब्लॉक दादरी ग्रामीण एवं शहरी तथा ब्लॉक बौंद के प्रधान एवं कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह सम्पन्न

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा, जिला सभा, जिला चरखी दादरी के तत्वावधान में 30 जुलाई, 2017 को गाँव बलकरा में श्री जयनारायण जांगिड से.नि. प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में ब्लॉक दादरी ग्रामीण एवं शहरी तथा ब्लॉक बौंद के प्रधान एवं कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष डॉ. शेर सिंह जांगड़ा थे। खचाखच भरी धर्मशाला में सबसे पहले दादरी (ग्रामीण) ब्लॉक प्रधान श्री बलबीर सिंह जांगिड, शहरी ब्लॉक प्रधान श्री रविन्द्र जांगिड, महिला ब्लॉक प्रधान श्रीमती नगवन्ती जांगिड एवं बौंद कला

ब्लॉक प्रधान श्री ईश्वर सिंह जांगिड को पद एवं गोपनीयता की शपथ डॉ. शेरसिंह जांगडा प्रदेशाध्यक्ष एवं जिला प्रधान द्वारा दिलवाई गई।

इसके बाद निम्न 6 सुझावों को अनुमोदन के लिए प्रदेशाध्यक्ष जी को सौंपे, जिनमें 1. दहेज अभिशाप है। इसके लेने व देने पर प्रतिबन्ध लगाया जाये, इस कुरीति के कारण ही विवाह विच्छेद के मामले बढ़ते जा रहे हैं। 2. शिक्षा एवं संगठन को तन, मन व धन से बढ़ावा दिया जाये। 3. ब्रह्मभोज पर प्रतिबन्ध लगाया जाये। 4. शोक दिवस 11-12 दिन की बजाय 7 दिन तक सीमित किए जाये। 5. समाज में भ्रूण हत्या एवं नशाखोरी पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाया जाए। 6. विवाह विच्छेद के मामलों में न्यायालय में न जाकर आपसी सद्भाव एवं भाईचारे से समाधान किया जाए।

प्रदेशाध्यक्ष डॉ. शेरसिंह जांगिड़ ने मास्टर उम्मेद सिंह जांगिड, श्री देशराज जांगिड से.नि. इन्सपेक्टर पुलिस एवं श्री अशोक कुमार जांगिड से.नि. एस.एच.ओ. को प्रदेश सभा में उपप्रधान पद देकर उनका सम्मान किया गया।

**-रवि प्रकाश जांगिड** (महासचिव)
अ.भा.जां.ब्रा. सभा चरखी दादरी

**जांगिड समाज सामूहिक विवाह समिति त्रिवेणी धाम द्वारा 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन देव उठनी पर एवं 1 अक्टूबर, 2017 को परिचय सम्मेलन**

4 सितम्बर, 2017 को जांगिड समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति त्रिवेणी धाम की मीटिंग श्री रामस्वरूप लाल डेरोलिया की अध्यक्षता में त्रिवेणी धाम में सम्पन्न हुई, उसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि 31 अक्टूबर, 2017 (देव उठनी एकादशी) को 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन करने का निर्णय लिया। 1 अक्टूबर, 2017 को परिचय सम्मेलन भी करने का निर्णय लिया गया। मीटिंग में बाला सहाय चिचावा व श्री सत्यनारायण हरसोलिया पूर्व अध्यक्षों द्वारा समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्री मामराज चिचावा व शंकर लाल जांगिड खोरी ने बताया केवल 21 जोड़ों का लक्ष्य रहेगा तथा मदनलाल पंवार एवं शिवदयाल जाला ने विवाह सम्मेलन के प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया।

**जांगिड समाज द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय अभिनन्दन समारोह में मुख्यमंत्री ने रेवाड़ी में जा.ब्रा. सामुदायिक भवन का किया शिलान्यास**

3 सितम्बर, 2017 को रेवाड़ी में जांगिड ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय अभिनन्दन समारोह मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री माननीय मनोहर लाल खट्टर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। ये समारोह भगवान विश्वकर्मा कौशल विकास विश्वविद्यालय की स्थापना पलवल के उपलक्ष्य में रखा गया, जिसमें मुख्यमंत्री का समाज द्वारा भव्य अभिनन्दन किया गया। जिसमें डॉ. शेरसिंह जांगडा, श्री विद्यासागर शर्मा, श्री राजकुमार, श्री नारायण दत्त एवं कई अन्य समाज बन्धु सम्मिलित थे। मुख्यमंत्री ने रेवाड़ी में जांगिड ब्राह्मण सामुदायिक भवन की एसडीएम ऑफिस के समीप अम्बेडकर चौक एवं बस स्टेण्ड के नज़दीक रेवाड़ी में आधारशिला अपने कर-कमलों द्वारा रखी। इस अवसर पर उन्होंने 21 लाख रु. की राशि अपने कोष से देने की घोषणा की तथा 11 लाख रु. की राशि जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल द्वारा अपने कोष से जांगिड समुदायिक भवन के लिए देने की घोषणा की। समाज के भामाशाहों द्वारा भी घोषणाएं भवन हेतु हुई, जिसमें प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाज सेवी श्री प्रकाश शर्मा नारायणा, दिल्ली (प्रकाश मशीन टूल्स) द्वारा 11 लाख रुपए, श्री महेन्द्र सिंह जांगिड धारुहेड़ा ने 5.51 लाख रुपए, श्री पी.एल. शास्त्री (माईक्रोमैक्स) द्वारा 2.5 लाख रुपए, श्री कपिल शर्मा बल्लभगढ़ द्वारा 2.5 लाख रुपए, श्री पवन कौशल चरखी दादरी द्वारा 2.5 लाख रुपए अनुदान देने की घोषणा की।

स्मरण रहे 22 सितम्बर , 2010 को रेवाड़ी में आयोजित एक भव्य समारोह में हरियाणा सरकार द्वारा जां.ब्रा. समाज समिति को भूमि का आवंटन किया गया था।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री महोदय ने कहा कि प्रदेश सरकार भगवान विश्वकर्मा जी के आदर्शों पर चलते हुए प्रत्येक व्यक्ति को हुनरमंद बनाने पर कार्य कर रही है और इसी का अनुसरण करते हुए हमने पलवल में भगवान विश्वकर्मा कौशल विकास विश्वविद्यालय की स्थापना की। उन्होंने कहा मनुष्य जब प्रातः उठकर दैनिक जीवन चर्या की शुरूआत करता है तो कारीगर द्वारा निर्मित वस्तुओं का ही प्रयोग करता है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम के चेयरमैन श्री रामचन्द्र जांगडा ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री श्री मनोहरलाल खट्टर के नेतृत्व में सबका साथ, सब का विकास के साथ आगे बढ़ रही है।

श्री विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवाल व विधायक श्री विक्रम सिंह यादव कोसली, कार्यक्रम अध्यक्ष श्री महेन्द्र सिंह जांगिड अतिविशिष्ठ अतिथि श्री नीरज शर्मा, विशिष्ठ अतिथि श्री पी.एल. शास्त्री (माइक्रोमैक्स), श्री कपिल शर्मा, श्री खुशीराम शर्मा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष श्री विद्या सागर जांगिड, पूर्व प्रधान श्री नरेश शर्मा, श्री पवन कौशल चरखी दादरी, डॉ. आर.के. जांगडा, श्री चन्द जांगिड, समिति प्रधान श्री दौलतराम जांगिड, पार्षद श्री बाबूलाल जांगिड, श्री राजेश दत्त शर्मा, श्री धीरज शर्मा, श्री ओ.पी. शर्मा, पुष्पा जांगिड, श्री जगदीश जांगिड, श्री महेन्द्र शर्मा धारूहेड़ा, श्री होशियार सिंह, पूर्व जज श्री सीताराम जांगिड आदि गणमान्य व्यक्तियों के बीच विचार-विमर्श के उपरान्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. शेरसिंह जांगडा ने दहेज प्रथा एवं मृत्यु भोज के प्रति प्रस्ताव रखा तथा सभी ने इसका अनुमोदन किया। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष श्री विद्या सागर जांगिड द्वारा इसे बड़ी पहल बताते हुए कहा समाज को विकास करना है तो इन कुरीतियों से मुक्ति पाना है। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने इसका स्वागत किया।

इस अवसर पर फरीदाबाद से नरोत्तम लाल जांगिड एडवोकेट, डॉ. सी.पी. शर्मा स्पेशल सचिव उत्तर प्रदेश विधान सभा लखनऊ, मा. चन्द्रभान जी नजफगढ़, हरियाणा की सभी संस्थाओं के पदाधिकारी गण सहित बहुत बड़ी संख्या में जन समूह उपस्थित हुआ।

**अ.भा.जां.ब्रा. महासभा शाखा सभा झोटवाड़ा, जयपुर की नवगठित कार्यकारिणी इस प्रकार है**

**संरक्षक :** सर्वश्री पूरण चन्द जांगिड, गौरी शंकर चतरपुरा वाले, सी.एम. उवाणा, गोपाल लाल पाटोदिया, जगदीश खटवाडिया, **सलाहकार :** सर्वश्री रमेश रावत, रूपनारायण जांगिड, मदनलाल कड़वालिया, **अध्यक्ष :** श्री लल्लू नारायण जांगिड, **वरिष्ठ उपाध्यक्ष :** श्री लक्ष्मी नारायण सिंगावालिया, **उपाध्यक्ष :** सर्वश्री सत्यनारायण पंवार, सत्यनारायण सेड़वाल, मदनलाल सेड़वाल, चिरंजीलाल गोगोरिया, रामरतन , कैलाश छन्द जांगिड, रमेश चन्द कमानी वाले, मोहनलाल धाराणिया, छितरमल भिराणिया, ओमप्रकाश जांगिड, प्रेम प्रकाश जांगिड, हरिनारायण रावत, **महामंत्री :** श्री प्रदीप कुमार जांगिड, **कोषाध्यक्ष :** श्री गोविन्द शर्मा, **मन्दिर व्यवस्थापक एवं कार्यालय प्रभारी :** श्री भंवरलाल मण्डावरा, **सांस्कृतिक मंत्री :** श्री भंवरलाल दायमा, **वरिष्ठ मंत्री :** सर्वश्री उमेश चन्द चिचावा, सीताराम जांगिड,

**मंत्री :** श्री महावीर प्रसाद जांगिड, **संयुक्त मंत्री :** सर्वश्री अमरचन्द जांगिड अंगीरा, सुरेश कुमार गोगोरिया, कैलाश चन्द राजोतिया, भीमराज आसल्या, बाबूलाल राजोतिया, **संगठन मंत्री :** डॉ. सीताराम पंवार, हनुमान सहाय जांगिड, राजू सैईवाल, राकेश उवाणा, जोधराज मण्डावरा, अमित कुमार सिरोठिया, बसन्त कुमार जांगिड, **प्रचार मंत्री :** श्री धन्नालाल उवाणा, श्रीमती रामेश्वरी देवी, श्रीमती शकुन्तला देवी, श्रीमती संतोष देवी, श्री शंकर लाल राजोरा, **कार्यकारिणी सदस्य :** सर्वश्री रूपनारायण जांगिड, किशोर हर्षवाल।

**जिला सभा जयपुर द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह 24 सितम्बर, 2017**

24 सितम्बर, 2017 को प्रदेश भवन सेक्टर 4, विद्याधर नगर, जयपुर में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा, जयपुर द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा, जिसमें 10वीं, 12वीं एवं उच्चतर कक्षाओं, राजस्थान एवं सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में 85% या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, सी.ए., सी.एस., आई.आई.टी./ एम.बी.बी.एस., ग्रेजुएट, पोस्टग्रेज्युएट, एम.सी.ए., बी.टेक., एम.टेक. तथा आई.ए.एस., आई.पी.एस., आर.ए.एस., आर.जे.एस. में चयनित होने वाले अधिकारीगण, खेल प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय पदक प्राप्त आदि प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा। अत: अधिक से अधिक समाज बन्धु पधारकर समारोह की शोभा बढ़ायें।

**समाज सेवी भामाशाह गौरी शंकर जांगिड द्वारा स्कूल में 123 बालिकाओं को ड्रेस वितरण**

ग्राम नायन पंचायत के राजकीय उच्च प्राथमिक बालिका विद्यालय में अभी हाल ही में सरपंच महेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में समाज सेवी व भामाशाह श्री गौरी शंकर जांगिड के विशिष्ठ आतिथ्य में तथा प्रधानाचार्य श्री मोहनलाल शर्मा की अध्यक्षता में ड्रेस वितरण समारोह हुआ, जिसमें 123 बालिकाओं को ड्रेस वितरण की गई, जिसमें भामाशाह गौरी शंकर जांगिड एवं अन्य का सहयोग रहा। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

श्री गौरी शंकर जांगिड श्री मनोज शर्मा पत्रकार (संवाददाता अमरसर दैनिक भास्कर) के पिताश्री हैं।

इससे पूर्व में भी नायन ग्राम में राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में तहसीलदार सूर्यकान्त शर्मा के मुख्य आतिथ्य व सी.पी.डी.ओ. सतपाल यादव की अध्यक्षता एवं सरपंच महेश शर्मा के विशिष्ठ आतिथ्य में भामाशाह श्री गौरशंकर जांगिड द्वारा 6 केन्द्रों के 75 बच्चों को गर्म स्वेटर भ वितरित किए गए थे।

इस अवसर पर आप द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को सहयोग देने का भी आश्वासन दिया।

शाहपुरा में आयोजित नि:शुल्क आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन (तृतीय) में आपको भामाशाह के रूप में प्रशस्ति-पत्र भी प्रदान किया गया। आप वर्तमान में अ.भा.जां.ब्रा. महासभज्ञ तहसील सभा के संरक्षक के रूप में कार्यकारिणी में हैं।

**देवउठनी एकादशी को 11 जोड़ों का चतुर्थ नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन रामेश्वर धाम (शाहपुरा) में**

श्री विश्वकर्मा आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति शाहपुरा एवं विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति तहसील शाहपुरा के संयुक्त तत्वावधान में जांगिड ब्राह्मण समाज के 11 जोड़ों का चतुर्थ नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 31 अक्टूबर, 2017 देवउठनी एकादशी को होगा।